Hindi News ‣ उत्तर प्रदेश ‣ फर्जी मार्कशीट गिरोह सरगना की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क, चलाता था ...

# फर्जी मार्कशीट गिरोह सरगना की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क, चलाता था सेक्स रैकेट भी

**लखनऊ में फर्जी मार्कशीट और सेक्स रैकेट चलाने वाले मनीष सिंह उर्फ मंगेराम की एक करोड़ रुपये की सम्पत्ति मंगलवार को कुर्क की है।**



Deep Pandey हिन्दुस्तान,लखनऊ

Wed, 19 Oct 2022 11:27 AM

हमें फॉलो करें

**इस खबर को सुनें**

0:00 / 1:22

लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने फर्जी मार्कशीट और सेक्स रैकेट चलाने वाले मनीष सिंह उर्फ मंगेराम की एक करोड़ रुपये की सम्पत्ति मंगलवार को कुर्क की है। आरोपी बेटों समेत पहले से ही जेल में बंद है। जब्त की गई सम्पत्ति एक फ्लैट, मकान और कार शामिल है।

विज्ञापन

अमीनाबाद कोतवाली में मंगेराम और उसके गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। तत्कालीन इंस्पेक्टर बृजेश द्विवेदी ने 15 जून 2022 को यह रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगेराम और उसके साथी फर्जी मार्कशीट बनाने का काम लम्बे वक्त से कर रहे थे। 18 सितंबर 2021 को चिनहट पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मुकदमे में मंगेराम जमानत पर बाहर आ गया था। 11 फरवरी 2022 में अमीनाबाद के हीवेट रोड स्थित मनीष सिंह उर्फ मंगेराम के फ्लैट से भी फर्जी मार्कशीट बरामद की गई थी। साथ ही बंधक बना कर देह व्यापार में धकेली गई किशोरी को भी पुलिस ने छुड़ाया था।

Powered By

## ट्रेंडिंग न्यूज़


पत्नी के साथ हैवानियत; खूब पीटा फिर प्राइवेट पार्ट में भर दी मिर्च


दूध में पानी मिलाकर बेचता है पति, नाराज पत्नी ने उठाया ये कदम और अब...


चलती बस में ड्राइवर को झपकी आई, फ्लाईओवर से गिरी बस, 1 की मौत; 16 घायल


एक युवक ने डाले आठ वोट, वीडियो वायरल, अखिलेश के निशाने पर चुनाव आयोग


UP में पारा 47 डिग्री पार, आज मतदान वाले जिलों में तेज धूप-लू का असर

विज्ञापन

## जरूर पढ़ें


विदेशों से AAP ने हासिल की करोड़ों की अवैध फंडिंग, ED का बड़ा दावा; MHA से शिकायत


2025 तक इन राशियों पर राहु की रहेगी कृपा,खूब करेंगे तरक्की, होगा लाभ ही लाभ


Rashifal : 21 मई को हनुमान जी की कृपा से इन राशियों का चमकेगा भाग्य, पढ़ें मेष से लेकर मीन तक का हाल


AIIMS एमडी परीक्षा में नकल करते 5 धरे, 50 लाख की हुई थी डील; दो डॉक्टर भी गिरफ्तार


मंगल की वक्री चाल से ये राशियां होंगी मालामाल,बढ़ेगी धन-संपत्ति, हर क्षेत्र में होंगे सफल

विज्ञापन

## राशिफल

आज का राशिफल

मेष | वृष | मिथुन | कर्क
सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक
धनु | मकर | कुंभ | मीन

डीसीपी पश्चिम एस चन्नपा ने बताया कि मंगेराम के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को हीवेट रोड ओम साईं भवन स्थित फ्लैट कीमत 62 लाख, कैसरबाग यदुनाथ सान्याल रोड स्थित मकान कीमत करीब 24 लाख और 14 लाख रुपये कीमत की कार जब्त की गई है।

विज्ञापन

हिंदुस्तान ई-पेपर सिर्फ ₹399 में एक साल के लिए
300 रुपये की छूट!

Fake Marksheet Gangster Arrested Sex Racket

लेटेस्ट Hindi News, लोकसभा चुनाव 2024, UP News in Hindi, उत्तर प्रदेश की ब्रेकिंग न्यूज़ ,UP Board Result 2024 prayagraj news, Meerut News & Agra News पढ़ने के लिए Live Hindustan App डाउनलोड करें।

**You May Like**

**How a Simple $250 Amazon CFD Investment Can Benefit You**
Smart Investment
CPX
Learn More

**The New Jeep Grand Cherokee 2024 Is Utter Perfection - See The Prices**
2024 Jeep Grand Cherokee | Search Ads
Learn More

**अपने ही दो स्टूडेंट्स के साथ सेक्स करती थी ... बर्बाद हो गई सपनों की...**
अगला लेख
जॉयन्स ने कहा कि दूसरे लड़के ने यह पता करने क ... कि वह कैसी है और चूंकि वह अकेली थी, इसलिए उसे वह पसंद आया और दोस्ती बढ़ गई। वे घूमने जाते थे और वह उसके फ्लैट पर जाता था।, International News Hindustan
Live Hindustan

Hindi News ▸ उत्तर प्रदेश ▸ आगरा का यह धनकुबेर कौन: पलंग, आलमारी और जूतों के डिब्बों से नि...

# आगरा का यह धनकुबेर कौन: पलंग, आलमारी और जूतों के डिब्बों से निकल रहीं नोटों की गड्डियां

Promoted Links by Taboola

आगरा में जूता कारोबारी के घर इनकम टैक्स की छापेमारी में पलंग, अलमारी, जूते के डिब्बे, थैलों, दीवारों से भी 500 के नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। 14 ठिकानों पर दो दिनों से नोटों की गिनती चल रही है।



Yogesh Yadav लाइव हिन्दुस्तान,आगरा
Mon, 20 May 2024 05:31 PM

हमें फॉलो करें

## आपके शहर से



तांत्रिक ससुर ने बहू के साथ की छेड़छाड़, विरोध करने पर भगाया


बाबा केदार के दर्शन को टूटा रिकॉर्ड, गंगोत्री-यमुनोत्री का क्या हाल?

हिन्दुस्तान
मेरठ : बिजली संबंधित समस्या है तो इन नंबरों पर करें कॉल, होगा समाधान


भक्तजनों की दूर हुई टेंशन, चारधाम के लिए 5 दिन बाद खुला रजिस्ट्रेशन

## वायरल खबरें


महिला की बॉडी देख लोगों को होने लगी जलन, करने लगे गंदे कमेंट्स; लेडी बाहुबली ने दिया मुंहतोड़ जवाब


फ्लैट पर अपने स्टूडेंट को ले आई टीचर, दो बार किया सेक्स; छात्र की मां ने देखी लव बाइट और फिर...


Fact Check: सरकार के खिलाफ बोल रही यह महिला अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी? जानें सच्चाई


Fact Check: राहुल गांधी पर मुकेश अंबानी ने किया पलटवार, क्या है वायरल दावे का सच?


क्या कन्नौज में अखिलेश यादव पर फेंके गए जूते-चप्पल? वीडियो वायरल, अब जान लो सच्चाई

आयकर विभाग के सौ से अधिक अधिकारियों की टीमों के छापे में तीन जूता कारोबारियों के यहां से करीब 54 करोड़ रुपये की नकदी दो दिनों में बरामद हुई है। शनिवार दोपहर से जारी छापेमारी की कार्रवाई में मिली नोटों की गड्डियों को गिना जा रहा है। घर के अंदर पलंग, अलमारी, जूते के डिब्बे, थैलों, दीवारों से भी पांच सौ के नोटों की गड्डिया निकलने से इनकम टैक्स अफसर भी हैरान हैं। हरमिलाप ट्रेडर्स के यहां सबसे ज्यादा नकदी मिली।

विज्ञापन

उसके यहां से 52 करोड़ रुपये के 500-500 के नोट बरामद हुए। वहीं मंशु फुटवियर कंपनी के संचालकों के यहां दो करोड़ रुपये की नकदी प्राप्त हुई। इस तरह कुल 54 करोड़ रुपये की नगदी को गिना जा सका है। यह नकदी सरकारी अभिरक्षा में बैंक में जमा की जाएगी। विभागीय टीम में आगरा एवं दूसरे जनपदों के अधिकारी एवं निरीक्षक शामिल रहे।

नोटों की गिनती शुरुआत में काफी धीमी रही। रविवार को सुबह तक दस से पन्द्रह फीसदी नोट ही गिने जा सके थे। उसके बाद स्टेट बैंक से अतिरिक्त मशीन और स्टाफ बुलाया गया। तब गिनती में तेजी आई। आयकर छापा रविवार को देर रात भी जारी रहा। टीमों का नेतृत्व संयुक्त निदेशक जांच डॉ. अमरजोत कर रहे हैं। सहयोग उप निदेशक पंकज कुमार एवं आशिमा महाजन सहित अन्य कर रहे हैं। बताया गया कि आय से अधिक संपत्तियों के अलावा बैनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। टीमों को टैक्स में हेराफेरी के दस्तावेज भी हाथ लगे हैं, कई दस्तावेजों में ब्याज का हिसाब भी दर्ज मिला है।

विज्ञापन

**जहां हाथ डाला वहां नगदी**

किसी व्यक्ति के यहां इतनी नगदी होगी, ऐसा आयकर टीम ने कल्पना भी नहीं की थी। विभागीय टीम जिस कमरे में प्रवेश करतीं, वहां नोटों के भंडार मिलने लगे। एक कमरे में काले चमड़े के बैग में नोट रखे थे। वहीं दूसरे कमरे में अटैची में नोट भरे हुए थे। एक कमरे में डबल बैड में भी नोट मिले। घर की अलमारियों से लेकर अन्य सुरक्षित स्थानों पर नोटों की गड्डियां मिलीं। लगभग सभी नोट पांच सौ के थे। हालात ऐसे हुए कि नोट गिनना ही मुश्किल हो गया।

**पर्चियां खोलेंगी करोड़ों की कमाई के राज**

आयकर विभाग के आगरा कार्यालय की इंवेस्टीगेशन टीम की सर्च दूसरे दिन भी जारी रही। सर्च की शुरुआत में ही मिले नोटों के जखीरे को गिनने की कवायद रात और दिन चलती रही। देर रात को इस गिनती को संपन्न कराया गया। छानबीन के दौरान विभागीय अधिकारियों को करोड़ों की पर्ची मिली हैं। इनके आधार पर फर्मों की बाजार की देनदारी एवं वास्तविक टर्नओवर का पता चल सकेगा। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार इन पर्चियों का मूल्य 30 करोड़ रुपये से भी अधिक है।

विज्ञापन

बाजार के स्रोतों ने बताया कि फुटवियर में पर्ची सिस्टम पुराना चल रहा है। यह एक प्रकार का समानांतर चेक होता है जो कि कारोबारी द्वारा माल की प्राप्ति के एवज में दिया जाता है। इसमें भुगतान की अवधि लिखी होती है।

पर्ची का धारक इस को लेकर बाजार में जब घूमता है तो उसको दलालों के माध्यम से इन पर्चियों के खरीदार मिल जाते हैं। पर्ची जारी करने वाले की साख एवं पर्ची विक्रेता की जरूरत के अनुसार डिस्काउंट तय हो जाता है। जिस पर्ची का भुगतान 120 दिन बाद होना था, वह तुरंत मिल जाता है। जो व्यक्ति अधिक समय तक उधारी को सहन नहीं कर सकता, उसके लिए पर्ची को तय तिथि से पहले भुनाने का सिस्टम मुफीद रहता है।

विज्ञापन

ऐसे हालात में वह व्यक्ति अपने मुनाफे के एक हिस्से को छोड़ने को भी तैयार हो जाता है। वहीं दूसरी ओर इन पर्चियों में निवेश करने वाले को भी अपनी रकम पर अच्छा मुनाफा मिल जाता है। इस तरह बिना कारोबार किए ही यह लोग करोड़ों के वारे न्यारे कर लेते हैं। बताया जा रहा है कि इन इकाइयों द्वारा पर्चियों में बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। सर्च के दौरान जमीनों में निवेश के कागजात मिले हैं।

**नई टीम बुलाई गई नोट गिनने को**

एआई से मिली सूचना के आधार पर आयकर विभाग की टीम ने शनिवार दोपहर एक बजे तीन जूता कारोबारियों के यहां एक साथ सर्च शुरू की। एमजी रोड पर मंशु फुटवियर, बीके शू कंपनी एवं हींग की मंडी में हरमिलाप ट्रेडर्स के प्रतिष्ठानों के साथ उनके निवास सहित कुल 14 स्थान पर यह कार्रवाई हुई। हरमिलाप ट्रेडर्स के निवास पर नोटों का बड़ा जखीरा मिला। आधा दर्जन बैगों में रखे इन नोटों की गिनती के लिए पहले जो मशीन मंगाई गई, उनकी गति बहुत धीमी रही। सुबह आठ बजे तक छह करोड़ रुपये ही गिने जा सके। बाद में दूसरी टीम बुलाई गई। इनके साथ दर्जन भर मशीन थी। इन मशीनों से गति आ गई और रात आठ बजे तक लगभग पूरा नकद गिन लिया गया।

**गैर पंजीकृत व्यापारियों का हिसाब मांगा**

सूत्रों ने बताया कि सर्च में ऐसे अनेक कागजात मिले हैं जिनसे इकाइयों की अघोषित आय के बारे में पता चला है। इन इकाइयों की खरीद बिक्री का भी ब्योरा लिया जा रहा है। इनके द्वारा किए गए गैर पंजीकृत व्यापारियों के भुगतान को लेकर भी विभागीय टीम पूछताछ कर रही हैं। कार्रवाई के सोमवार तक चलने की उम्मीद की जा रही है। संयुक्त निदेशक जांच डॉ. अमरजोत के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई का नेतृत्व उप निदेशक जांच आशिमा महाजन एवं पंकज कुमार कर रहे हैं। आधा दर्जन जनपदों के 80 से अधिक आयकर अधिकारी एवं निरीक्षक शामिल हैं।

**मंशु के यहां भी मिली नगदी**

आयकर विभाग की टीम को मंशु फुटवियर कंपनी के संचालकों के यहां भी बड़े पैमाने पर नोटों का भंडार मिला है। यह राशि करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। बीके शूज के यहां भी लाखों रुपये मिले हैं। विभाग द्वारा इस नगदी का स्रोत पूछा जा रहा है। जिसका अभी तक जवाब नहीं दिया गया है। यदि अभिलेखों में दर्ज राशि एवं इस नगदी का मिलान नहीं होता है तो इन कारोबारियों के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है। बड़ी राशि का टैक्स इन पर लगाया जा सकता है।

**पहले भी हो चुकी कार्रवाई**

इनमें से एक इकाई पर दो बार आयकर विभाग का सर्वे हो चुका है। बताया जा रहा है कि छह साल और बारह साल पहले हुए सर्वे के बाद बड़ी राशि का टैक्स जमा कराया गया था। बीते साल ही इस कारोबारी के यहां जीएसटी का भी सर्वे हुआ था। इसमें भी काफी राशि बतौर टैक्स जमा करानी पड़ी थी। फिलहाल इस सर्च में विभाग को नगदी मिलना ही बड़ी सफलता प्रतीत हो रहा है। हालांकि कागजात भी मिले हैं, उनकी पड़ताल के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**महिला पुलिस कर्मी परेशान**

आयकर सर्च में ड्यूटी ने एक महिला पुलिस कर्मी को परेशान कर दिया। उनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया गया। छोटा बच्चा होने का हवाला दिया गया। बताया कि किस तरह रात दिन दूरी होने से बच्चे का ध्यान रख पाना ही मुश्किल हो रहा है। उनकी सुनवाई करने के बाद राहत देने के लिए आश्वस्त किया गया। वहीं आयकर के सूत्रों ने बताया कि सर्च में कई बार तीन से चार दिन तक लग जाते हैं। कई बार इससे भी अधिक समय लग जाता है।

**पर्चियों का गणित**

आयकर विभाग के अधिकारी सर्च के दौरान पर्चियों का गणित समझने में लगे हुए थे। यह बात चौंका रही कि किस तरह एक उधारकर्ता किसी अन्य को अपनी उधार ट्रांसफर करके इस सिस्टम से किस प्रकार बाहर हो सकता है। वहीं एमएसएमई के लिए लाया गया भुगतान का नियम भी इस कार्रवाई में अहम भूमिका निभा रहा है। सभी ने अपनी प्रविष्टियों को इंवाइस के अनुसार समायोजित करने के लिए तमाम प्रकार के प्रयास किए। इसमें भी काफी झोल मिले हैं।

हिंदुस्तान ई-पेपर सिर्फ ₹399 में एक साल के लिए
300 रुपये की छूट!

Agra News Agra Black Money अन्य..

लेटेस्ट Hindi News, लोकसभा चुनाव 2024, UP News in Hindi, उत्तर प्रदेश की ब्रेकिंग न्यूज़ ,UP Board Result 2024 prayagraj news, Meerut News & Agra News पढ़ने के लिए Live Hindustan App डाउनलोड करें।

Latest News in Hindi

गंगा नदी में डूबकर 2 सगे भाई समेत 5 की मौत, मुंडन के दौरान हादसा विदेशों से AAP ने हासिल की करोड़ों की अवैध फंडिंग, ED का बड़ा दावा
आगरा का यह धनकुबेर कौन: पलंग, जूतों के डिब्बों से निकल रहे नोट ही नोट Live: महाराष्ट्र बोर्ड HSC के नतीजे कल दोपहर 1 बजे, यहां मिलेगा लिंक
एक हाथ इजरायल,दूजा ईरान; 2 कट्टर दुश्मनों से भारत ने कैसे की एकसाथ डील भरतपुर पूर्व राजपरिवार विवाद: SDM कोर्ट में हुई सुनवाई
कोई ऑडियो...रोहित ने लगाया ये आरोप तो स्टार स्पोर्ट्स ने तोड़ी चुप्पी आत्मघाती धमाका करने आए थे चारों ISIS आतंकी, गुजरात ATS ने कैसे दबोचा?
भीषण गर्मी में बेहोश हुई छात्रा, केके पाठक के स्कूल टाइम पर उठे सवाल PK की नई थ्योरी- 4 तरह के हिंदू और मुसलमान एकजुट हों तो हार जाएगी BJP

Trending Hindi News

RBSE 12th Result UP Lok Sabha Chunav Bihar Lok Sabha Chunav Aaj Ka Rashifal Kumbh Rashifal Mesh Rashifal Tula Rashifal
RBSE 12th commerce Result RBSE 12th Arts Result RBSE 12th Science Result

Top Section

Hindi News Career Astrology Uttar Pradesh Cricket National NCR Entertainment Business Lifestyle Bihar लोकसभा चुनाव 2024
लोकसभा चुनाव न्यूज़ लोकसभा इलेक्शन शेड्यूल लोकसभा सीट

State

UP News Bihar News Delhi News Maharashtra news Rajasthan News Election Schedule Weather Haryana News Uttarakhand News
Jharkhand News MP News

Astrology

Astrology News Aaj Ka Rahifal Aaj Ka Panchang Ank Jyotish Vastu Tips Festival Calendar 2024 Holi 2024 Aaj Ka Tula Rashifal
Aaj Ka Kumbh Rashifal Aaj Ka Mesh Rashifal Aaj Ka Vrishabh Rashifal

Business

Business News Share Market Petrol-diesel Prices ITR Personal Investment

Career

Career News Education Engineering Medical Board results छत्तीसगढ़ बोर्ड रिजल्ट झारखंड बोर्ड रिजल्ट उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट यूपी बोर्ड रिजल्ट
यूपी बोर्ड 10 वीं 2024 रिजल्ट यूपी बोर्ड 12 वीं 2024 रिजल्ट

Entertainment

Entertainment News TV News Web Series Movie Review KBC 15

Cricket

Cricket News Live score IPL IPL Points Table IPL schedule IPL Team IPL Orange Cap IPL purple Cap IPL 2024 दिल्ली कैपिटल्स स्क्वॉड
गुजरात टाइटन्स स्क्वॉड कोलकाता नाइट राइडर्स स्क्वॉड लखनऊ सुपर जायन्ट्स स्क्वॉड मुंबई इंडियंस स्क्वॉड पंजाब किंग्स बनाम स्क्वॉड राजस्थान रॉयल्स स्क्वॉड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर स्क्वॉड
चेन्नई सुपरकिंग्स स्क्वॉड सनराइजर्स हैदराबाद स्क्वॉड

Lifestyle

Lifestyle Tips Health Fashion Parenting tips Travel Fitness

Web Stories

Entertainment Sports Health Trending Beauty Faith

हिन्दुस्तान

Connect with us

Download App

GET IT ON Google Play
Download on the App Store

ऐप्स | आरएसएस | विज्ञापन रेट | हमारे साथ काम करें | हमारे बारे में | संपर्क करें | गोपनीयता | अस्वीकरण | साइट जानकारी | आर्काइव

Advertise with us | About us | Careers | Privacy | Contact us | Sitemap | Code Of Ethics

Partner sites: Hindustan Times | Mint | HT Tech | Shine | HT Telugu | HT Bangla | HT Tamil | HT Marathi | HT Auto | Healthshots | HT Smartcast

Copyright © 2023 HT Digital Streams Limited. All RightsReserved.